# केन्द्रीय विद्यालय पोरबंदर

**प्रतिदर्श प्रश्नपत्र सत्र - 2 (2022-23)**

**कक्षा – छठी** **विषय – हिन्दी** **समय–2:30 घंटे** **पूर्णांक- 60**

**सामान्य निर्देश -**

1. इस प्रश्न पत्र के चार खण्ड हैं- क, ख, ग और घ।

2. चारों खंडों के प्रश्नों के उत्तर देना अनिवार्य है।

3. प्रश्न-पत्र के उत्तर क्रमानुसार लिखने का प्रयत्न करें।

---

## खंड क

**प्रश्न.1निम्नलिखित अपठित गद्यांश को पढ़कर पूछे गए प्रश्नों के लिए सही विकल्प चुनकर लिखिए।** **(5)**

हमें भोजन से ऊर्जा प्राप्त होती है। इसी प्रकार अन्य कार्य भी ऊर्जा से होते हैं। बसों को चलाने के लिए ऊर्जा डीजल से मिलती है। साइकिल चलाने में मनुष्य की ऊर्जा खर्च होती है। पालदार नाव को चलाने में पवन ऊर्जा काम आती है। कागज़ की फिरकी हवा की ऊर्जा से घूमती है। पतंग भी हवा की ऊर्जा से उड़ती है। ऊर्जा प्राप्त करने के साधनों को ऊर्जा के स्रोत कहते हैं। कोयला, खाना बनाने की गैस, पेट्रोल, बिजली, मिटटी का तेल, सूर्य आदि ऊर्जा के अन्य स्रोत हैं।

(1.) हमें ऊर्जा प्राप्त होती है-
(क) भोजन से (ख) दौड़ने से (ग) बोलने से (घ) सोने से

(2.) बसों को चलाने के लिए ऊर्जा मिलती है ?
(क) भोजन से (ख) डीजल से (ग) कोयले से (घ) घास से

(3.) ........ चलाने में मनुष्य की ऊर्जा खर्च होती है।
(क) बैलगाड़ी (ख) पालदार नाव (ग) साइकिल (घ) विद्युत पंखा

(4.) ऊर्जा प्राप्त करने के साधनों को कहते हैं -
(क) धन के स्रोत। (ख) आय के स्रोत (ग) ऊर्जा के स्रोत (घ) इनमें से कोई नहीं

(5.) निम्न में से ऊर्जा का स्रोत नहीं है-
(क) कोयला (ख) बिजली (ग) सूर्य (घ) चंद्रमा

प्रश्न.2. **निम्नलिखित अपठित गद्यांश को पढ़कर पूछे गए प्रश्नों से सही उत्तर चुनकर लिखिए।(1×5=5)**

हँसते खिलखिलाते रंग-बिरंगे फूल
क्यारी में देखकर
जी तृप्त हो गया।
नथुनों से प्राणों तक खिंच गई
गंध की लकीर-सी
आँखों में हो गई रंगों की बरसात
अनायास कह उठा दिल वाह!
धन्य है वसंत ऋतु !

(क**) कवि ने किस ऋतु का वर्णन किया है?**

(i) पतझड़

(ii) वसंत

(iii) वर्षा

(iv) ग्रीष्म

**(ख)रंग-बिरंगे फूलों को देखकर कवि के हृदय में कौन-सा भाव आया?**

(i) प्रसन्नता

(ii) कृतज्ञता

(iii) संतुष्टि

(iv) चापलूसी

**(ग) "गंध की लकीर-सी' से क्या अभिप्राय है**

(i) गंध की रेखा

(ii) हृदय में सुगंध की अनुभूति

(iii) खुशबू

(iv) सुगंध से हृदय में प्रसन्नता की अनुभूति

(**घ) काव्यांश का उपर्युक्त शीर्षक होगा**

(i) रंग-बिरंगे फूल

(ii) वसंत ऋतु

(iii) गंध की लकीर

(iv) रंगों की बरसात

**(ङ)अनायास ही कवि का दिल क्या कह उठा?**

(i)क्या बात है शीत ऋतु

(ii) क्या बात है वर्षा ऋतु
(iii)धन्य है वसंत ऋतु
(iv) है वर्षा ऋतु

**प्रश्न.3 नीचे लिखे गद्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़कर पूछे गए प्रश्नों के सही उत्तर वाले विकल्प चुनकर लिखिए। (1x5=5)**

कभी-कभी मेरा दिल इन सब चीज़ों को देखने के लिए मचल उठता है| अगर मुझे इन चीज़ों को सिर्फ़ छूने भर से इतनी ख़ुशी मिलती है, तो उनकी सुंदरता देखकर तो मेरा मन मुग्ध ही हो जाएगा | परंतु, जिन लोगों की आखें हैं, वे सचमुच बहुत कम देखते हैं| इस दुनिया के अलग-अलग सुंदर रंग उनकी संवेदना को नहीं छूते | मनुष्य अपनी क्षमताओं की कभी कदर नहीं करता| वह हमेशा उस चीज़ की आस लगाए रहता है जो उसके पास नहीं है|

**प्रश्न:**

**1) इन चीज़ों को देखने के लिए किसका दिल मचल उठता है ?**

(क) महादेवी वर्मा का (ख) सुभद्रा कुमारी चौहान का
(ग) हेलेन केलर का (घ) कृष्णा सोबती का |

**2) विभिन्न प्राकृतिक चीज़ों को छूने से लेखिका को कैसा महसूस होता है ?**

(क) प्रसन्नता (ख) दुख
(ग) निराशा (घ) हताशा |

**3) अलग-अलग रंग किनकी संवेदना को नहीं छूते हैं ?**

(क) जिनके आँखें नहीं हैं (ख) जिनके पास आँखें हैं
(ग) जो संवेदनहीन हैं (घ) जो दयालु हैं |

**4) मनुष्य उस चीज़ की आशा लगाए रखता है जो.......... |**

(क) उसके पास है (ख) जो दूसरों के पास है
(ग) जिसे वह नहीं पा सका है (घ) जिसे पाना असंभव है |

**5) 'मुग्ध' शब्द का अर्थ है ....... |**

(क) निराश होना (ख) महत्व समझना
(ग) मोहित होना (घ) क्रोधित होना

**प्रश्न 4.निम्नलिखित पदयांश को पढ़ कर पूछे गए प्रश्नों के उत्तर दीजिए - (1X5 =5)**

अपने कर से खिला, धुला मुख,
धूल पोंछ, सज्जित कर गात,
थमा खिलौने, नहीं सुनाती
हमें सुखद परियों की बात!
ऐसी बड़ी न होऊँ मैं
तेरा स्नेह न खोऊँ मैं,
तेरे अंचल की छाया में
छिपी रहूँ निस्पृह, निर्भय,
कहूँ-दिखा दे चंद्रोदय!

**प्रश्न:**

1) **'मैं सबसे छोटी होऊँ' कविता के रचयिता कौन है?**

(क) महादेवी वर्मा (ख) सुभद्रा कुमारी चौहान

(ग) सुमित्रानंदन पंत (घ) सूर्यकांत त्रिपाठी निराला|

2) **माँ बच्ची के लिए क्या-क्या करती है?**

(क) खिलौने देती है (ख) अपने हाथ से खिलाता है

(ग) धूल पोछती है (घ) उपर्युक्त सभी|

3) **बच्ची के अनुसार माँ उसे किसकी कहानी नहीं सुनाती है?**

(क) राजा की (ख) परियों की

(ग) रानी की (घ) चंदा मामा की|

4) **माँ के आँचल की छाया में बच्ची कैसा महसूस करती है?**

(क) निर्भय (ख) भयभीत

(ग) उदास (घ) इनमें से कोई नहीं|

5) **'गात' शब्द का अर्थ है.......|**

(क) शरीर (ख) माता

(ग) गाना (घ) हवा|

## खंड – ख

**प्रश्न 5- निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दीजिए। (1x10=10)**

1 पत्थर शब्द का विशेषण क्या होगा?

2 . 'रोपाई' शब्द का क्रिया लिखिए |

3. 'सेवा' शब्द स्त्रीलिंग है या पुलिंग ?

4. बुनावट और नुकीला शब्द में कौन सा प्रत्यय लगा है?

5. निधन और निर्धन शब्दों में क्या अंतर है?

6 ' बुढ़ापा' किस प्रकार की संज्ञा है ?

7. 'दिन' का विलोम शब्द लिखें |

8 'सूर्य 'शब्द के दो पर्यायवाची शब्द लिखिए|

9. 'लोक' शब्द जोड़कर दो नए शब्द बनाइए |(जैसे-लोक+कला=लोककला)

10. रुई ...........होती है। (भुरभुरी/ मुलायम) कोष्ठक के शब्दों के आधार पर रिक्त स्थान की पूर्ति कीजिए।

**खंड – ग**

**प्रश्न.6**. गद्य पाठों पर आधारित निम्नलिखित प्रश्नों में से **किन्हीं चार** प्रश्नों के उत्तर लिखिए– (4x2=8)

क. '**प्रकृति का जादू**' किसे कहा गया है ?

ख. हमारे यहाँ स्त्रियों के खास लोकगीत कौन-कौनसे हैं?

ग. आश्रम में गांधी जी कई ऐसे काम भी करत थे, जिन्हें आमतौर पर नौकर-चाकर करते हैं। पाठ से तीन अलग-अलग प्रसंग अपने शब्दों में लिखो जो इस बात का प्रमाण हो।

घ. गोल चमकीला रोड़ा अपनी क्या कहानी बताता है ?

ड. लाखों-करोड़ों वर्ष पहले हमारी धरती कैसी थी?

**प्रश्न 7**. पद्य पाठों पर आधारित निम्नलिखित प्रश्नों में से **किन्हीं दो** प्रश्नों के उत्तर लिखिए– (2x2=4)

क.कविताके आधार पर बताओ की चिड़िया को किन-किन चीजों से प्यार है?

ख.झाँसी की रानी के जीवन की कहानी अपने शब्दों में लिखो और यह भी बताओ कि उनका बचपन तुम्हारे बचपन ?

ग. सीता की आतुरता देखकर राम की क्या प्रतिक्रिया होती है ?

**प्रश्न.8** . 'बाल रामकथा' पाठ्य पुस्तक के आधार पर आधारित **किन्ही चार** प्रश्नों के उत्तर लिखिए - (4x2=8)

क. राजा दशरथ के कितने पुत्र थे ? उनके नाम लिखिए |

ख. हनुमान ने लंका में सीता की खोज किस प्रकार की ?

ग. त्रिजटा कौन थी ? उसने रात में क्या सपना देखा था ?

घ कबंध कौन था ?

ड. मेघनाथ को इंद्रजीत क्यों कहा जाता है ?

**खंड – घ**

**प्रश्न 9**. आपके विद्यालय के प्राचार्य को बीमारी के कारण अवकाश के लिए प्रार्थना-पत्र लिखिए। (5x1=5)

**अथवा**

मित्र को जन्मदिन पर आमंत्रित करते हुए पत्र लिखिए |

**प्रश्न.10** निम्नलिखित में से किसी **एक विषय** पर अनुच्छेद लिखिए- (5x1=5)

i) समय का सदुपयोग

ii) मेरा प्रिय खेल

iii) मेरा विद्यालय

.......................................................................................................................................................................